**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 906 जिसका उत्तर

**शुक्रवार, 29 नवंबर, 2024/8 अग्रहायण, 1946 (शक)** को दिया जाना है

**सागरमाला योजना**

**†906. श्री थरानिवेंथन एम. एस. :**
**श्री मलैयारासन डी. :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सागरमाला योजना की विशेषताएं क्या हैं;

(ख) तमिलनाडु राज्य में इस योजना के अंतर्गत अब तक कितनी धनराशि स्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई है;

(ग) वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत तमिलनाडु में कितनी परियोजनाएं शामिल की जा रही हैं;

(घ) अब तक क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं तथा क्या उपलब्धियां हासिल की गई हैं तथा देश में तमिलनाडु सहित राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार राज्यों की क्या प्रतिक्रिया है;

(ङ) क्या सरकार इस योजना के अंतर्गत देश भर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी केन्द्रों की स्थापना करने पर विचार कर रही है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए अनुमानित धनराशि कितनी है और इन केन्द्रों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) से (ग):** सागरमाला कार्यक्रम, भारत की 7,500 कि.मी. लंबी तटरेखा और 14,500 कि.मी. संभाव्य नौचालन जलमार्गों और प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय समुद्री व्यापार मार्गों में सामरिक अवस्थानों का उपयोग करते हुए देश में पत्तन-आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की केन्द्रीय क्षेत्र की प्रमुख योजना है। सागरमाला योजना के अंतर्गत मंत्रालय राज्य सरकारों को पत्तन अवसंरचना परियोजनाओं, तटीय बर्थ परियोजनाओं, सड़क एवं रेल परियोजनाओं, मत्स्यन बंदरगाहों, कौशल विकास परियोजनाओं, तटीय समुदाय विकास, अंतर्राष्ट्रीय मानक के क्रूज टर्मिनल और रो-पैक्स फेरी सेवाओं जैसी विशिष्ट एवं अभिनव परियोजनाओं आदि को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। तमिलनाडु राज्य में परियोजनाओं की संख्या, स्वीकृत निधियों और जारी निधियों का ब्यौरा अनुबंधित है। **[अनुबंध-I]**

**(घ):** सागरमाला योजना के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य सहित विभिन्न राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंधित है। **[अनुबंध-II]**

**(ङ) और (च):** सागरमाला योजना के अंतर्गत 77 करोड़ रु. की लागत पर आईआईटी चेन्नै में पत्तनों, जलमार्गों और तटों हेतु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी केन्द्र (एनटीसीडब्ल्यूपीसी) स्थापित किया गया है। यह संस्थान मंत्रालय की एक तकनीकी शाखा के रूप में कार्य करता है और पत्तनों और नौवहन क्षेत्र के समक्ष आने वाली विभिन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों और अनुप्रयोग उत्पादों का विकास करता है। संस्थान के पास पत्तन, तटीय, जलमार्ग क्षेत्र के सभी विषयों में अनुसंधान और परामर्शदात्री प्रकृति की 2डी और 3डी जांच करने की विश्व स्तरीय क्षमताएं हैं। महासागर की मॉडलिंग, तटीय और मुहाना प्रवाह का निर्धारण, तलछट परिवहन और मॉर्फो डायनामिक्स, नौचालन और स्थिति परिवर्तन (मैन्युवरिंग) की योजना, ड्रेजिंग और सिल्टेशन का अनुमान, पत्तन और तटीय इंजीनियरिंग में परामर्श - संरचनाओं और ब्रेकवाटर, स्वायत्त प्लेटफार्मों और वाहनों का डिजाइन, प्रवाह और हल इंटरैक्शन की प्रायोगिक और सीएफडी मॉडलिंग, विभिन्न हल्स की हाइड्रोडायना मिक्स, पत्तन सुविधाओं के साथ जुड़ी महासागर नवीकरणीय ऊर्जा कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां देश के लाभ के लिए पहले से ही विशेषज्ञता विकसित की गई है।

**अनुबंध-I**

**अनुबंध – तमिलनाडु राज्य में परियोजनाओं की संख्या, स्वीकृत निधियों और परियोजना की स्थिति का विवरण**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | कार्यान्वियन एजेंसी | स्थिति | परियोजना लागत करोड़ रु. में) | स्वीकृत निधि (करोड़ रु. में) | जारी की गई निधि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तमिलनाडु के अग्नि तीर्थम में पर्यटक जलयानों के लिए बर्थिंग सुविधाओं का निर्माण | तमिलनाडु समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 7.81 | 7.81 | 1.52 |
| 2. | वी. ओ. चिदंबरनार में मत्स्य पालन महाविद्यालय के सामने एनएच 7क से सटे एक पूर्ण-विकसित ट्रक पार्किंग टर्मिनल का विकास और संचालन | वी ओ चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण | पूर्ण | 25.00 | 10.00 | 10.00 |
| 3. | वीओसीपीटी में 15000 डीडब्ल्यूटी- 150 मीटर लंबाई तक के जलयानों की हैंडलिंग के लिए 10.0 मीटर की ड्रेज्ड गहराई के साथ तटीय बर्थ | वी ओ चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण | पूर्ण | 36.00 | 30.00 | 30.00 |
| 4. | सीएचपीटी में तटीय कार्गो बर्थ | चेन्नै पत्तन प्राधिकरण | पूर्ण | 80.00 | 30.00 | 30.00 |
| 5. | कुड्डालोर पत्तन में प्रवेश चैनल के उत्तर और दक्षिण दोनों ओर ब्रेकवाटर का निर्माण - बर्थ-1 - बर्थ-2 और कैपिटल ड्रेजिंग – प्रवेश चैनल से कार्गो बर्थ तक | तमिलनाडु समुद्री बोर्ड | पूर्ण | 135.00 | 67.50 | 67.50 |
| 6. | निर्यात कार्गो की हैंडलिंग के लिए चेन्नै पत्तन में पक्के भंडारण यार्ड का विकास | चेन्नै पत्तन प्राधिकरण | पूर्ण | 54.00 | 25.73 | 25.73 |
| 7. | चेन्नै पत्तन में बंकर बर्थ का निर्माण | चेन्नै पत्तन प्राधिकरण | पूर्ण | 44.00 | 22.00 | 22.00 |
| 8. | तमिलनाडु में नागपट्टिनम जिले के पूमपुहार में मत्स्यन बंदरगाह का निर्माण | मत्स्य विभाग, तमिलनाडु सरकार | पूर्ण | 148.00 | 37.00 | 37.00 |
| 9. | तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले में चिन्नामुत्तोम में मत्स्यन बंदरगाह का विस्तार | मत्स्य विभाग, तमिलनाडु सरकार | पूर्ण | 74.00 | 18.38 | 18.38 |
| 10. | तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण I - तमिलनाडु | ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू- | पूर्ण | 2.94 | 2.94 | 1.47 |

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | कार्यान्वयन एजेंसी | स्थिति | परियोजना लागत करोड़ रु. में) | स्वीकृत निधि (करोड़ रु. में) | जारी की गई निधि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जीकेवाई) | | | | |
| 11. | कोरामपल्लम सरप्लस कोर्स ब्रिज और रेल ओवर ब्रिज को चौड़ा करने का निर्माण कार्य – पश्चिमी सीमा से टीटीपीए सतक सड़क को चौड़ा करने सहित आरओबी | वी ओ चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण | पूर्ण | 42.00 | 20.00 | 20.00 |
| 12. | वीओसीपीटी में तटीय कार्गो बर्थ के लिए डॉक बेसिन की ड्रेजिंग – समर्पित तटीय बर्थ के सामने ड्रेजिंग | वी ओ चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण | पूर्ण | 98.00 | 20.88 | 20.88 |
| 13. | पत्तनों – जलमार्गों और तटों के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी केंद्र – नया परिसर | आईआईटी चेन्नै | पूर्ण | 77.03 | 39.67 | 39.67 |
| 14. | तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण 2 - तमिलनाडु | ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई) | कार्यान्वयनाधीन | 10.67 | 10.67 | 2.42 |
| 15. | तमिलनाडु में रामनाथ पुरम जिले के मूकाइयुर में मत्स्यन बंदरगाह | मत्स्य विभाग, तमिलनाडु सरकार | पूर्ण | 113.90 | 28.48 | 28.48 |
| 16. | कुथकल, कुंथुकुल–तमिलनाडु में मत्स्यन बंदरगाह | मत्स्य विभाग, तमिलनाडु सरकार | पूर्ण | 74.00 | 18.50 | 16.65 |
| 17. | विवेकानंद रॉक से तिरुवल्लुवर प्रतिमा तक पर्यटकों के सुरक्षित परिवहन के लिए आधुनिक एलिवेटेड स्टील पुल | तमिलनाडु समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 31.05 | 15.53 | 12.42 |
| 18. | चेन्नै मत्स्यन बंदरगाह परियोजना का आधुनिकीकरण | चेन्नै पत्तन प्राधिकरण | कार्यान्वयनाधीन | 99.85 | 49.93 | 0.00 |
| 19. | विल्लूंडी तीर्थम, तमिलनाडु में अतिरिक्त बर्थिंग सुविधाओं का निर्माण | तमिलनाडु समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 3.66 | 3.66 | 0.73 |
| 20. | चेन्नै पत्तन प्राधिकरण में बर्थ संख्या 24बी (बीडी-II) के बैकअप क्षेत्रों में ट्रेलरों/ ट्रकों के लिए बफर पार्किंग यार्ड का विकास | चेन्नै पत्तन प्राधिकरण | कार्यान्वयनाधीन | 52.85 | 39.42 | 37.44 |
| 21. | नागपट्टिनम (भारत) से कांके संथुराई (श्रीलंका) तक यात्री नौका सेवा के लिए नागपट्टिनम पत्तन अवसंरचना का उन्नयन | तमिलनाडु समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 10.47 | 10.47 | 0.00 |

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | कार्यान्वियन एजेंसी | स्थिति | परियोजना लागत करोड़ रु. में) | स्वीकृत निधि (करोड़ रु. में) | जारी की गई निधि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22. | कन्याकुमारी पत्तन पर यात्री बर्थिंग सुविधा का विस्तार | तमिलनाडु समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 20.00 | 10.00 | 4.94 |

अनुबंध- II

| राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | परियोजनाओं की संख्या | कुल परियोजना लागत (₹ करोड़) | पूर्ण (₹ करोड़) | | कार्यान्वयनाधीन (₹ करोड़) | | विकासाधीन (₹ करोड़) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | परियोजनाओं की संख्या | कुल परियोजना लागत | परियोजनाओं की संख्या | कुल परियोजना लागत | परियोजनाओं की संख्या | कुल परियोजनालागत |
| अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 3 | 46 | 1 | 13 | 2 | 32 | 0 | 0 |
| आंध्रप्रदेश | 12 | 2,409 | 7 | 1,114 | 5 | 1,295 | 0 | 0 |
| गोवा | 9 | 763 | 5 | 85 | 4 | 677 | 0 | 0 |
| गुजरात | 9 | 1,388 | 3 | 364 | 6 | 1,024 | 0 | 0 |
| कर्नाटक | 8 | 493 | 3 | 71 | 5 | 422 | 0 | 0 |
| केरल | 8 | 273 | 6 | 134 | 2 | 139 | 0 | 0 |
| महाराष्ट्र | 31 | 1,920 | 19 | 829 | 12 | 1,092 | 0 | 0 |
| ओडिशा | 6 | 350 | 1 | 4 | 5 | 346 | 0 | 0 |
| पुदुचेरी | 2 | 30 | 1 | 27 | 1 | 2 | 0 | 0 |
| तमिलनाडु | 22 | 1,240 | 14 | 1,004 | 7 | 226 | 1 | 10 |
| पश्चिम बंगाल | 9 | 569 | 6 | 404 | 3 | 165 | 0 | 0 |
| कुल | 119 | 9,480 | 66 | 4,049 | 52 | 5,420 | 1 | 10 |

*****